ओ०जी०एल० के अंतर्गत आलू का आयात

1559. **श्री ईश दत्त यादव:**
प्रो० रामगोपाल यादव:

क्या **वाणिज्य** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार ओ०जी०एल० के अंतर्गत आलू की विभिन्न किस्मों का आयात करने पर विचार कर रही है;

(ख) क्या कृषि मंत्रालय की उच्च स्तरीय समिति ने सरकार को आलू की विभिन्न किस्मों का आयात न करने का सुझाव दिया है; और

(ग) यदि हां, तो उच्च स्तरीय समिति के सुझाव क्या-क्या हैं तथा इस पर सरकार का क्या निर्णय है?

वाणिज्य मंत्री (श्री रामकृष्ण हेगड़े): (क) से (ग) आलू को आयातों की प्रतिबंधित सूची में रखा गया है। इसे आयातों की मुक्त सूची में लाने का कोई प्रस्ताव विचाराधीन नहीं है।

निर्यात से आय

1560. **श्री डी० पी० यादव:** क्या **वाणिज्य** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) वर्ष 1997-98 के दौरान देश को निर्यात से कुल कितनी आय हुई;

(ख) क्या यह आय गत-वर्ष की तुलना में अधिक है; और

(ग) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

वाणिज्य मंत्री (श्री रामकृष्ण हेगड़े): (क) वाणिज्यिक आसूचना एवं सांख्यिकी महानिदेशालय के अनन्तिम आंकड़ों के अनुसार वर्ष 1997-98 के दौरान निर्यात डालर के रूप में 33980 मिलियन अमरीकी डालर के हुए हैं।

(ख) और (ग) जी, हां, । वर्ष 1996-97 के तुलना में वर्ष 1997-98 के दौरान हुए निर्यातों में 1.5% की वृद्धि प्रदर्शित हुई है। डी०जी०सी०आई० एंड एस० के आंकड़ों के अनुसार वर्ष 1996-97 के दौरान निर्यातों का मूल्य 33470 मिलियन अमरीकी डालर का है।

निर्यात संवर्धन के लिए वस्तुओं की पहचान किया जाना

1561. **श्री कपिल सिब्बल:**
श्री बरजिन्दर सिंह:

क्या **वाणिज्य मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार ने ऐसी पांच वस्तुओं की पहचान की है, जिनका गत चार वर्षों के दौरान निर्यात अधिकतम रहा है;

(ख) यदि हां, तो इन वस्तुओं के नाम क्या हैं तथा उनका वार्षिक निर्यात का औसत मूल्य कितना है;

(ग) क्या सरकार ने देश से इन वस्तुओं का अधिक मात्रा में निर्यात करने की क्षमता तथा संभावनाओं का पता लगाया है; और

(घ) यदि हां, तो इस क्षमता संबंधी आकलन का ब्यौरा क्या है?

वाणिज्य मंत्री (श्री रामकृष्ण हेगड़े): (क) और (ख) वाणिज्यिक जानकारी तथा सांख्यिकी महानिदेशालय (डी०जी०सी०आई० एंड एस०) के 1997-98 के निर्यात आंकड़ों पर आधारित आंकड़ों के अनुसार पिछले 4 वर्षों के दौरान सबसे अधिक निर्यात की गई पांच वस्तुएं निम्नानुसार हैं:

निर्यात **(करोड़ रु० में)**

वस्तुएं	1994-95	1995-96	1996-97	1997-98(P)
रत्न एवं आभूषण	14131	17644	16872	19014
सूती यार्न फैब्रिक्स मैड अप्स, आदि	7014	8619	11082	12094
आर०एम०जी० काटन अनुषंगी सहित	7856	9454	10439	10429
औषध तथा भेषजीय एवं परिष्कृत	2512	3409	4342	5228